कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झॉसी ।

पत्रॉक- 4985 /छात्रवृत्ति/2023/एस0सी0-3 दिनॉक: 31-10-2023

सूचना

छात्रवृत्ति वेबसाइट पर तकनीकि खराबी के कारणवश इस कार्यालय के पत्र सं0 4160/द0छा0/2023-24/एस0सी03 दिनॉक 27-09-2023 द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय-वर्ष (2023-24) में संस्था मे अध्ययनरत एम0बी0बी0एस0/डी0एम0एल0टी0/डी0एम0एक्स0टी0 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करके संस्था में फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि 31-10-2023 को बढा कर **दिनॉक 30-11-2023** कर दिया गया है।

अतः समस्त छात्र छात्राएं दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2023-24 हेतु ऑनलाइन आवेदन करके फार्म सभी संलग्नक लगा कर प्रधानाचार्य कार्यालय के डिस्पैच सेक्शन में **दिनांक 30-11-2023** तक जमा करें।

छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व छात्रवृत्ति की ऑफीसियल वेबसाइट https://scholarship.up.gov.in में अपलोड नवीन छात्रवृत्ति नियमावली के निर्देशों व आवश्यक सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ लें।

छात्रों हेतु कुछ आवश्यक निर्देश-

1- नवीन छात्र छात्राएं FRESH आवेदन करेंगे व अन्य छात्र RENEWAL ऑनलाइन आवेदन करेंगे।

2- संस्था में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्राऐं जिन्होंने इस संस्था में पूर्व मे दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नही किया परन्तु वर्तमान सत्र 2023-24 में पहली बार आवेदन करना चाहते है, ऐसे छात्र-छात्राएं FRESH आवेदन करेंगे।

3- नवीन छात्र-छात्राएं अपने अभिभावक/संरक्षक का ही आयप्रमाण पत्र बनवायें, न कि स्वयं का। आयप्रमाण पत्र उ0प्र0 राजस्व की वेबसाइट पर प्रदर्शित होना चाहिए।

4- RENEWAL ऑनलाइन आवेदन करने वाले छात्र-छात्राएं अपने अभिभावक/संरक्षक का आयप्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जो कि छात्रवृत्ति हेतु पूर्व में लगाया था, लगा सकते है बशर्ते आय प्रमाण पत्र उ0प्र0 राजस्व की वेबसाइट पर प्रदर्शित होना चाहिए।

5- सभी छात्रवृत्ति हेतु अर्ह छात्र-छात्राएं अपने बैंक खाते में D.B.T. ACTIVATE व NPCI seeding अवश्य करा लें। बैंक खाते में अधिकतम लिमिट लगी रहती है। बैंक खाता छात्रवृत्ति आने के समय तक पूर्णतया संचालित रहना चाहिए।

6- छात्रवृत्ति हेतु छात्रों के शिक्षण सत्र के दौरान रिजल्ट 50% या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

7- छात्रवृत्ति हेतु छात्रों के शिक्षण सत्र के दौरान उपस्थिति 75% या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

8- नवीन व ऐसे छात्र-छात्राऐं जिनका रिजल्ट अभी तक नही आया है, वे छात्र-छात्राएं Result not yet declared विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे।

9– सभी छात्र–छात्राऐं पूर्ण सावधानी के साथ अपना फार्म भरेंगे। फार्म में गलती होने की दशा में छात्रवृत्ति न आने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी , मेडिकल कॉलेज झाँसी।

2– विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी, मेडिकल कॉलेज झाँसी।

3– अधीक्षक, छात्रावास सी0वी0रमन,धनवन्तरी व यू0जी0 बालिका छात्रावास, सम्बन्धित सभी छात्रावास के नोटिस बोर्ड , मेडिकल कॉलेज झाँसी।

4– नोटिस बोर्ड ।

5– मेडिकल कॉलेज झाँसी के ऑफीसियल वेबसाइट पर छात्रों हेतु सूचनार्थ।

प्रधानाचार्य
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज,
झाँसी

Principal
M.L.B. Medical College
JHANSI